(b) if so, what are their contents ; .

(c) whether it is a fact that Student Action Committee has set any deadline to solve the Mizo problem ; and

(d) if so, what is Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INFERNAL SECURITY (SHRI ARUN NEHRU) : (a) Yes, Sir.

(b) They have requested for early solution to the Mizoram problem.

(c) The Student Action Committee demanded that the talks should be concluded within March 1986.

(d) Talks with the MNF delegation are coatinurng.

चार्ल्स शोभराज को तिहाड़ जेल में दी गई सुविधाएं

365. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चार्ल्स शोभराज जो, तिहाड़ जेल से भाग गया है, कब से जेल में था तथा वहां उसे क्या सुविधाएं उपलब्ध की गई थी वह अब तक कितनी बार तथा किस-किस जेल से भाग चुका है ;

(ख) क्या यह सच है कि उस पर नियमों को सख्ती से लागू करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का तिहाड़ जेल से तबादला कर दिया गया है ; और

(ग) शोभराज पर नियमों को सख्ती से लागू करने को सुनिश्चित करने, उस पर निगरानी रखने और वह जेल से न भाग सके, इसकी व्यवस्था करने के लिए किन अधिकारियों ने पत्र लिखे थे ?

संचार मंत्रालय के और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) चार्ल्स शोभराज अप्रैल, 1985 से केन्द्रीय जेल, तिहाड़ में था । उसे जेल मैनुअल के उपबंधों के अनुसार सुविधाएं और भोजन उपलब्ध कराया गया । अन्य जेलों से वह कितनी बार भागा, यह सूचना एकत्र की जा रही है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) ऐसे कोई पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं ।

मंत्रियों द्वारा अपनी सम्पत्तियों के दर्शाने वाले विवरणों का प्रस्तुत किया जाना

366. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपनी-अपनी सम्पत्तियों के विवरण प्रस्तुत कर दिए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इन विवरणों के आधार पर कोई गुप्त जांच की गयी है, यदि नहीं तो इनकी सत्यता का आधार क्या है ?

मानव संसाधन विकास और गृह मंत्री (श्री पी. वी. नरसिंह राव) : (क) से (ग) मंत्रियों के लिए एक आचरण संहिता है । इस संहिता के अधीन भारत सरकार के मंत्रियों के लिए अपने पद का कार्यभार संभालने पर तथा उसके बाद प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक अपनी परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की एक वार्षिक घोषणा प्रधानमंत्री को प्रस्तुत करना आवश्यक है । घोषणाओं का ब्यौरा प्रकट करने की प्रथा नहीं है ।

Anti-India propaganda by Sri Lankan T. V. network

367. SHRI R. MOHANARANGAM : SHRI KAPIL VERMA : SHRI SHEO KUMAR MISHRA :

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that Roopvahini, a Sri Lankan Television network, is carry-